**सार-समाचार**

## 'ईश्वर रूपी धन को जितना अधिक खर्च किया जायेगा वह धन उतना ही बढ़ेगा'

**बीदासर** (निसं)। कस्बे के टांटिया अस्पताल के पीछे वार्ड नो स्थित घिंटालिया बास में रामेश्वर लाल केशरमल सांखला के सौजन्य से चल रही भागवत कथा के चौथें दिन शनिवार को नोखा की कथा वाचक सुश्री मोनिका पारीक ने कहा कि हिंदू संस्कृति में भागवत कथा का बहुत अधिक महत्व है। इससे जीवन अच्छे विचारों की ओर बढ़ता है। भागवत कथा हमारी सनातन संस्कृति को बनाए रखने में सहायक है। उन्होंने कहा कि ईश्वर रूपी धन को जितना अधिक खर्च किया जायेगा वह उतना ही बढ़ेगा। सांसारिक धन खर्च करने पर कम होता है लेकिन ईश्वर रूपी धन जितना अधिक खर्च होता है उतना की अधिक बढ़ता जाता है। सांसारिक धन भी सद्कार्यों में इस्तेमाल किया जाए तो वह बढ़ता है धन के साथ भक्ति होना भी जरूरी है क्योंकि भक्ति रहित धन विनाश की ओर ले जाता है। कथा के शुभारम्भ पर व्यासपीठ की पूजा अर्चना मुख्य यजमान केशर मल सांखला, रामेश्वर लाल, पार्षद ललित सांखला, कमल, प्रकाश, फुलचंद राकसीय, हिरालाल खडोलिया, चिरंजीलाल सैनी, परमानंद तेजस्वी, मांगीलाल छापोला, रमेश, हेमराज सहित अनेक श्रद्धालुओं ने की। कथा में आए पूर्व मंत्री खेमाराम मेघवाल व पालिका अध्यक्ष सीताराम भोभरिया का कथा आयोजक केशर मल, रामेश्वर लाल, पार्षद ललित माली ने दोनों को दुपट्टा व भगवान कृष्ण की तस्वीर भेंट कर सम्मान किया।

## शिक्षक संघ के कस्वां अध्यक्ष व बुगालिया मंत्री बने

**लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी** (निसं)। राजस्थान शिक्षक संघ (शेखावत) का वार्षिक अधिवेशन केबी मोर बालिका विद्यालय नेछवा में आयोजित हुआ। यह जानकारी देते हुए संघ के जिला कार्यकारिणी सदस्य हजारी लाल ने बताया कि सम्मेलन की अध्यक्षता झाबर मल ने की जबकि पर्यवेक्षक के रूप में रामावतार फगेडिया व दिनेश बगडिया मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि वार्षिक अधिवेशन में शिक्षकों ने सार्वजनिक शिक्षा को बचाने , एनईपी 2020 के खिलाफ आंदोलन, नामांकन बढाने, खेल किट में भ्रष्टाचार के खिलाफ, शिक्षकों के विभिन्न मुद्दों के ख़िलाफ़ मज़बूती से संघर्ष करने का आव्हान किया। अधिवेशन के अंत में कार्यकारिणी के चुनाव आयोजित हुए।जिसमें अशोक कस्वां को अध्यक्ष व मनोहर जांगिड को उपाध्यक्ष, महेश बुगालिया को मंत्री, राहुल देव मिश्रा को संयुक्त मंत्री, बलराम को कोषाध्यक्ष , तिलोक रुहेला सभाध्यक्ष, ओमप्रकाश रैगर को उपसभाध्यक्ष, दिनेश कुमावत को संघर्ष समिति संयोजक, गजेंद्र धायल को सह संयोजक, संगठन मंत्री मनोहर सिंह, प्रवक्ता मुन्नाराम बुडानिया, विजय कुमार,राकेश जांगिड, धर्मेन्द्र गिठाला, अशोक बिश्नोई को कार्यकारिणी सदस्य चुना गया। कार्यकारिणी के सरंक्षक झाबरमल ,भगवान सिंह चुनें गये। अधिवेशन के अंत में निर्वाचन अधिकारी मुकेश कुमार मीणा में सभी पदाधिकारियों व सदस्यों को शपथ दिलाई।

## मृतकों को श्रद्धांजलि दी

**चूरू** (निसं)। जिला मुख्यालय पर इंसानियत एकता सेवा समिति के तत्वावधान में सर्व समाज के लोगों ने झारिया मोरी से सब्जी मंडी तक कैंडल मार्च निकालकर व दो मिनट का मौन रखकर पहलगाम आतंकी हमले के मृतक पर्यटकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उपस्थित जनों ने हमले की कडे शब्दों में निंदा करते हुये आंतकवादियों को सख्त से सख्त सजा देने और आंतकवाद को जड़ से खत्म करने की मांग की। इस अवसर पर समिति संस्थापक करामत खान ने कहा कि इस कायराना आतंकी हमले से पूरे देश में आतंक के खिलाफ आक्रोश है। मीडिया प्रभारी मोहम्मद अली पठान ने कहा कि किसी बेगुनाह इंसान का कत्ल पूरी इंसानियत के कत्ल के बराबर है। इस दौरान समिति उपाध्यक्ष महमूद अली राणा, मोहम्मद अली राणा, जाकिर खान केके, गजानंद सैनी, सीताराम सैनी, अनिल सैनी, सुनील शर्मा, अयूब खान, नौशाद खान, महबूब खान, आवेश कुरैशी, सुलेमान मणियार, फारूक राणा, फारूक चौहान, रफीक चेजारा, यूनुस रंगरेज इलियास राणा, रहमान राणा, अलीशेर चेजारा, इमरान रंगरेज आदि मौजूद थे।

## आज दो घंटे विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी

**चूरू** (निसं)। अग्रसेन नगर ओवरब्रिज निर्माण हेतु 27 अप्रैल 2025 रविवार को विद्युत लाइन शिफ्टिंग, जीएसएस तंत्र सुधार व रखरखाव का कार्य किया जाएगा। अत: 33 केवी चूरू फीडर व रीको जीएसएस बंद रखा जाएगा। सहायक अभियंता शहर द्वितीय ओम प्रकाश जाखड़ ने बताया कि रविवार को प्रात: 7 से 9 बजे तक अग्रसेन नगर, शांति कॉलोनी, मयूर विहार कॉलोनी, डीटीओ ऑफिस, परशुराम नगर, कलेक्ट्रेट सर्किल, भरतिया हॉस्पिटल, भरतिया रोड़, नई सड़क नया बास, उस्मानाबाद कॉलोनी, सैनिक बस्ती, वन विहार कॉलोनी, रेलवे कॉलोनी, स्टेशन रोड़, पूनिया कॉलोनी, गांधी कॉलोनी, ओम कॉलोनी, इन्दिरा कॉलोनी, धर्म स्तूप, मालजी का कमरा, आलोक सिनेमा के पीछे, व्यापारियों का मोहल्ला, पुरानी सड़क, बिसाऊ रोड, जयपुर रोड, रामसरा रोड़, पंखा सर्किल, रतनगढ़ रोड़, औद्योगिक क्षेत्र, गायत्री मंदिर, सुभाष चौक, आथुना मोहल्ला व इन क्षेत्रों से जुड़े समस्त उपभोक्ताओं की विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी।

## फायर सेफ्टी की गतिविधि आयोजित

**लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी** (निसं)। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग भारत सरकार के निर्देशानुसार जिला अस्पताल लक्ष्मनगढ में 21 से 26 अप्रैल तक फायर सेफ्टी गतिविधियों का आयोजन किया गया। प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ अटल भास्कर ने बताया कि संस्थान में आगजनी की घटनाओ की रोकथाम, सुरक्षा की जानकारी बढाने, तैयारी करने एवं अग्निसुरक्षा के मानको की पालना सुनिश्चित करने के उद्वैश्य से इस सप्ताह की एकजुट हो, अग्नि सुरक्षित भारत को प्रज्वलित करें के अंतर्गत संस्थान मे फायर माकड्रिल, फायर ऑडिट कर सभी कार्मिको को फायर सेफ्टी प्रतियोगिता मे भाग लेने हेतु निर्देशित किया गया एवं संस्थान मे आपात स्थिति मे आग लगने पर आग बुझाने हेतु समस्त चिकित्सको एवं कार्मिको को सेफ्टी ईक्युमेन्ट को उपयोग में लेने का प्रदर्शन कर निर्देशानुसार गतिविधियां आयोजित की गई तथा नर्सिंग अधिकारी मनोज मिश्रा द्वारा अग्निशामक यंत्र को सही तरीके से काम लेने के बारे में सभी कार्मिकों को बताया गया। इस अवसर पर उपनियंत्रक शीशराम, नर्सिंग अधीक्षक सुशील जोशी एवं अनेकों चिकित्सक ,नर्सिंग अधिकारी तथा अन्य कार्मिक उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय मीणा महासभा की बैठक हुई

**बीदासर** (निसं)। राष्ट्रीय मीणा महासभा की तहसील स्तरीय बैठक शनिवार को ज्ञान ज्योति शिक्षण संस्थान बीदासर में तहसील अध्यक्ष नवल किशोर मीणा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में रखे गए प्रस्ताव अनुसार जिला शाखा चुरू के निर्देशानुसार तहसील कार्यकारिणी का गठन किया गया। तहसील अध्यक्ष नवल किशोर ने बताया कि तहसील कार्यकारिणी में संरक्षक लल्लूराम मीणा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मुरारी लाल मीणा, उपाध्यक्ष रमेश कुमार मीणा, सचिव बत्तीलाल मीणा, महिला उपाध्यक्ष मक्खन बाई मीणा, कोषाध्यक्ष बत्तूसिंह मीणा, सह कोषाध्यक्ष रामनरेश मीणा, संगठन मंत्री रमेश कुमार, मदन लाल, रामहरी, राधेश्याम, अशोक कुमार, हरकेश व मोहन लाल मीणा, प्रचार मंत्री शहरी जितेंद्र मीणा, प्रचार मंत्री ग्रामीण विकाश मीणा, प्रवक्ता रामावतार मीणा को बनाया गया है।

## श्रीराम गुरुकुलम भूमि पूजन तीन को

**सीकर** (निसं)। सीकर शहर के निकटवर्ती गांव श्यामपूरा ( पालवास ) में आधुनिक शिक्षा के साथ साथ वैदिक शिक्षा के अध्ययन के लिए स्थापित होने जा रहे श्रीराम गुरुकुलम का भूमिपूजन समारोह 3 मई 2025 को सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे के बीच आयोजित किया जायेगा। गुरूकुलम शिलान्यास समारोह के पोस्टर का शनिवार को विमोचन किया गया। श्रीराम गुरूकुलम न्यास के अध्यक्ष व पालवास के श्री करणी गोपाल गौधाम के महंत चन्द्रमादास महाराज ने बताया कि 3 मई को शेखावाटी क्षेत्र के सभी संतों के सानिध्य में भूमिपूजन समारोह का आयोजन होगा। समारोह में प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को भी आमंत्रित किया गया है। जिनकी उपस्थिति लगभग तय मानी जा रही है।

## धूल भरी आंधी चली

**बीदासर** (निसं)। कस्बे में दोपहर 4 बजे तेज हवा व सूंटे के साथ काली पीली आंधी आई। जिससे आसमान धूल से अट गया। करीब आधा घंटे तक चली धूल भरी आंधी से घरों में धूल ही धूल हो गई। आंधी के चलते विद्युत व्यवस्था भी ठप हो गई, जो आंधी के रूकने के बाद बहाल हुई। वही आंधी शुरू होने के बाद हल्की राहत की बुंदे भी गिरी। जिससें मौसम में ठंडक घुल जाने से आमजन को गर्मी से राहत मिली।

# किसान बैंकों की विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाकर जैविक खेती करें : जिला कलेक्टर

**सीकर** (निसं)। जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने कहा कि किसान बैंकों की विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाकर जैविक खेती करें।

जिला कलेक्टर शुक्रवार को अरबन हाट सीकर कृषि उपज मण्डी के पास जयपुर रोड सीकर में बजाज फाउण्डेशन के जमनालाल कनीराम बजाज ट्रस्ट की ओर से 25 अप्रेल से 27 अप्रेल तक आयोजित तीन दिवसीय खाद्यान महोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में शुभारंभ करने के बाद आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे।

जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने कहा कि खेती के मामले में गांव सक्षम बने और विकसित भारत की अवधारणा को साकार करने के लिए किसान कम पानी में जैविक खेती का कन्सेप्ट अपनाएं। उन्होंने किसानों से ड्रेगन फ्रूट,शिमला मिर्च, काव्या मिर्च,सरसों की खेती,माईक्रों न्यूट्रीशन खेती करने के बारे में कहा। उन्होंने विभिन्न स्टॉलों का निरीक्षण कर किसानों से नवाचार करने को कहा।

जमनालाल कनीराम बजाज ट्रस्ट के ट्रस्टी अपूर्व नयन बजाज ने फाउण्डेशन द्वारा किसानों के उत्थान के



खाद्यान महोत्सव सम्मेलन का शुभारंभ हुआ।

लिए चलाये जा रहे कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए बताया कि ग्रामीण समुदायों को सशक्त बनाने के लिए तीन दिवसीय प्राकृतिक खेती का प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि खाद्यान महोत्सव में 150 स्टॉले लगाई गई है। जिन पर जैविक खेती से तैयार उत्पाद आमजन की खरीददारी के लिए उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि अगर आप स्वयं खेती नहीं कर सकते तो कम से कम प्राकृतिक खेती करने वाले किसानों का साथ दीजिए। यही साथ हमारे स्वस्थ भारत और समृद्ध परिवारों का आधार बनेगा।

उन्होंने बताया कि हर गांव से कच्चे माल से प्रक्रिया उत्पादन तक की अवधारणा अब गति पकड़ रही है। हमारी सतत प्रयासों से बीज बैंक और किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) अब गांव-गांव में उभर रहे हैं, जिससे किसान परिवार आत्मनिर्भर बन रहे हैं।

इस खाद्यान्न महोत्सव द्वारा हम हर किसान को यह प्रेरणा दे रहे हैं कि वे घर में लगने वाली हर वस्तु अपने खेत

■ **विभिन्न स्टॉलों का निरीक्षण कर किसानों से नवाचार करने की सलाह दी**

में प्राकृतिक तरीके से उगाएं जैसे अनाज, दाले, तेल, मसाले, फल, सब्जियां तथा दूध, दही और वही अपने घर में भी उपभोग करें, जिससे हर किसान परिवार शुद्ध खाद्यान्न अपने ही खेत से ले और बाजार पर निर्भरता कम कर ले। हर परिवार आत्मनिर्भर रहेगा तो तो हर गांव आत्मनिर्भर बनेगा और हर गांव आत्मनिर्भर बनेगा तो देश आत्मनिर्भर बनेगा।

समारोह में नाबार्ड जिला प्रबंधक एम.एल.मीना, जमनालाल कनीराम बजाज ट्रस्ट के सीएसआर हरिभाई मोरी ने सम्बोधन किया।

इस दौरान महाप्रबंधक जिला उद्योग केन्द्र विकास सिहाग, राखी सोमकुवार, पंजाब नेशनल बैंक प्रबंधक सुरेन्द्र कुमार, प्रगतिशील कृषक सुण्डाराम कुमावत, एफपीओ संगठन के प्रतिनिधि, किसान बडी संख्या में उपस्थित रहें।

## श्री सैनजी महाराज की जयंती मनाई

**गुढ़ागौड़जी,** (निसं)। क्षेत्र के पौंख के राम मंदिर में समाज में सेवा, समरसता और भक्ति के प्रतीक संत शिरोमणि श्री सैनजी महाराज की 725वीं जयंती को पौंख में श्रद्धा, उल्लास और आस्था के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत संत श्री सैनजी महाराज के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन से हुई। इसके बाद भजन संध्या, विचार गोष्ठी और सामूहिक आरती का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित हुए। मुख्य वक्ता रुडसिंह शेखावत ने सैनजी महाराज के जीवन और शिक्षाओं पर प्रकाश डालते हुए बताया कि उन्होंने समाज में जात-पात, भेदभाव और ऊंच-नीच की भावना को समाप्त करने के लिए जनजागरण किया। संत सैनजी महाराज, जो कि एक नाई समाज से आते थे। उन्होंने अपने जीवन से यह सिद्ध किया कि सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है। उन्होंने संत रैदास, कबीर, नामदेव जैसे महान संतों की परंपरा को आगे बढ़ाया और भक्ति आंदोलन को नई दिशा दी। इस अवसर पर पंचायत प्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और युवाओं ने सेन महाराज के दिखाए सेवा, प्रेम और समानता के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

## तकनीकी कर्मचारी एसोसिएशन ने उपखंडों का दौरा किया

**झुंझुनूं,** (निसं)। राजस्थान विद्युत तकनीकी कर्मचारी एसोसिएशन की ओर से मई दिवस पर 1 मई को झुंझुनूं के अंबेडकर भवन झुंझुनूं में मजदूर दिवस मनाया जाएगा। जिला महामंत्री आशीष पचार ने बताया कि इस कार्यक्रम को लेकर कुमावास, मुकुंदगढ़, नवलगढ़, गोल्याना, उदयपुरवाटी, गुढ़ा उपखंडों का दौरा किया गया और कर्मचारियों कि सदस्यता ओर उपखंड कार्यकारिणी का गठन किया गया।

जिला सचिव सुरेश लमोरिया ने बताया कि सबसे पहले मुकुंदगढ़ उपखंड कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष सुभाष राहड, उपाध्यक्ष मोहरसिंह रेवाड़, सुरेंद्र चेजारा, महामंत्री सुनील कुमार शेषमां, संगठन मंत्री भरतवीर सिंह खीचड़, विकास नेहरा, कोषाध्यक्ष अनिल कुमार भास्कर, अरविंद, सचिव मुकेश कुमार कुमावत, मुकेश खीचड़ को बनाया गया। इस दौरान सुनील मूंड, विजेंद्र सहारण, मनोहरलाल, हेतराम, सुनिल, भंवरसिंह, सुरेंद्र सिंह, मोहरसिंह आदि उपस्थित थे। जिला उपाध्यक्ष सत्यवान दूत ने बताया कि नवलगढ़ उपखंड कार्यकारिणी में संरक्षक विजय कुमार जीनागल, अध्यक्ष प्रकाश कुमार सैनी, उपाध्यक्ष कृष्णबिहारी, नरेश सैनी, सचिव देवीलाल, महामंत्री जितेंद्र, संगठन मंत्री नेमीचंद, प्रदीप, प्रहलाद, कोषाध्यक्ष दिनेश सैनी, कोषाध्यक्ष शीशराम केयरवाल, प्रचार मंत्री टिंकू को बनाया गया। इस दौरान जिला संगठन मंत्री श्यामसुंदर, चेतनप्रकाश, घीसाराम मीणा, सुनिलकुमार, अशोक कल्याण, रविकांत, सीताराम, योगेश, सत्यवान, जितेंद्र, दिनेश, राधेश्याम सैनी, सोहनलाल महिच, नरेश सेनी आदि उपस्थित थे।

जिला संयुक्त सचिव अनिल चौहान ने बताया कि उदयपुरवाटी में कार्यकारिणी गठित की गई। जिसमें अध्यक्ष मदनलाल सैनी, उपाध्यक्ष भींवाराम सैनी, सचिव दलीप गुर्जर, नरेंद्र सैनी, प्रचार मंत्री श्रीचंद, मनोज को जिम्मेदारी दी गई। इस अवसर पर विकास गढ़वाल, छीतरमल, रजनीश, मुकेश कुमार भडाना, सुरेंद्र कुमार, फूलचंद वर्मा आदि उपस्थित थे।

# मेडिकल कॉलेज, सम्बद्ध चिकित्सालय सहित विभिन्न संगठनों ने कैंडल मार्च निकाला

**चूरू** (निसं)। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों ने पर्यटकों की निर्मम हत्या करने के विरोध में पंडित दीनदयाल उपाध्याय मेडिकल कॉलेज व राजकीय डी.बी. अस्पताल प्रशासन की ओर से मेडिकल कॉलेज परिसर से शनिवार शाम को राजकीय भरतिया अस्पताल तक प्राचार्य डॉ. एमएम पुकार के नेतृत्व में कैंडल मार्च निकालकर मृतकों को श्रद्धांजलि दी गई।

इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. एमएम पुकार ने कहा कि आतंकवादियों के इस कायराना हरकत से पुरे देश में आक्रोश व्याप्त है। उन्होंने प्रधानमंत्री से आतंकवादियों को कठोर से कठोर सजा देने की मांग की। इस दौरान आरएमसीटीए, एनएमओ, आईएमए, चिकित्सा अम्बेडकर संघ, आर्यावर्त हिन्दु युवा सेना, राजकीय नर्सिंग कॉलेज, राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन, एक्टिव नर्सेज व पैरामेडिकल ग्रुप सहित विभिन्न संगठनों ने कैंडल मार्च निकालकर मृतकों के परिजनों को





राजकीय भरतिया अस्पताल तक प्राचार्य डॉ. एम.एम. पुकार के नेतृत्व में कैंडल मार्च निकालकर मृतकों को श्रद्धांजलि दी गई।

सांत्वना दी।

इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष बंसत शर्मा, रियाजत खान और बडी संख्या में मेडिकल कॉलेज, सम्बद्ध चिकित्सालय के चिकित्सक, शिक्षक, नर्सिंग अधिकारी, कर्मचारी, एमबीबीएस व नर्सिंग कॉलेज के विद्यार्थी तथा विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# मेधावी विद्यार्थियों को सिल्वर मेडल प्रदान किए

**उदयपुरवाटी** (निसं)। शहर के जांगिड़ कॉलोनी में आर्यन स्किल डवलपमेंट सेंटर पर प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता संजय कुमार जांगिड ने की। मुख्य अतिथि आरएसएलडीसी जिला प्रबंधक अमित रील थे। विशिष्ट अतिथि एडवोकेट मोतीलाल सैनी, गोविंद राम जांगिड़ थे। दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम में अतिथियों ने आरएसएलडीसी ट्रेनिंग प्रोग्राम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों का सिल्वर मेडल पहनाकर, स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मान किया गया। समारोह में छात्र-छात्राओं की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रंगारंग प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अमित कुमार रील ने कहा कि आरएसएलडीसी योजना के माध्यम से युवाओं को रोजगार आधारित कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रदान किया जाता है, जिससे युवाओं के लिए रोजगार के असंख्य अवसर प्राप्त हो रहे हैं। एडवोकेट मोतीलाल सैनी ने कहा कि कौशल विकास योजना के तहत युवाओं



आरएसएलडीसी ट्रेनिंग प्रोग्राम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों का सिल्वर मेडल पहनाकर, स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मान किया गया।

को स्वरोजगार की ओर आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। इस योजना से युवा वर्ग अपने आप में सशक्त बना है, तथा उनके सामाजिक व आर्थिक विकास को भी गति मिल रही है।

कार्यक्रम के अध्यक्ष संजय कुमार जांगिड़ ने केंद्र की प्रोग्रेस रिपोर्ट के बारे में जानकारी प्रदान कर सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन मुरारी लाल जांगिड ने किया। इस दौरान कार्यक्रम में अजय वर्मा, संजय सैनी, सुनीता कडवासरा, कल्पना भाटी, ममता शेखावत, प्रकाश गुर्जर, कृष्ण सैनी, प्रेरणा जांगिड़, कविता गुर्जर, सरोज सैनी, जया भाटी, आरूषि सैनी, ज्योति सैनी, पूनम सैनी, मीरा सैनी, काजल, रेशमा गुर्जर, साक्षी शर्मा, रौनक सैनी, बबिता, सानिया, पैरिस, सुनीता, चंदा, आरती, निकिता जांगिड़, अनिता कल्याण, प्रियंका मीणा, निकिता शेखावत, पायल, अनिता सहित कई मौजूद रहे।

# डूमोली खुर्द की बेटी का सम्मान किया

**खेतड़ी,** (निसं)। सिंघाना पंचायत समिति के डूमोली गांव की बेटी का ग्रामीणों की ओर से सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान शहीद बिडदाराम की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रृद्धांजलि दी गई। जानकारी के अनुसार डूमोली खुर्द के शहीद सिपाही बिडदाराम राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल की छात्रा संजू दौराता ने इम्फाल मणिपुर में आयोजित 68 वीं राष्ट्रीय फुटबॉल खेल प्रतियोगिता में लगातार दूसरी बार राजस्थान का प्रतिनिधित्व किया था, जिस पर उसके गांव लौटने पर ग्रामीणों की ओर से सम्मान किया गया।

ग्रामीणो द्वारा बस स्टैंड से भगवान

■ **मणिपुर में आयोजित राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता में प्रतिनिधित्व किया था**

देवनारायण मंदिर तक बेटी का डीजे के साथ स्वागत किया। स्कूल प्रधानाचार्य मुकेश कुमार ने कहा की पढ़ाई के साथ बच्चों को खेल में बढ चढकर हिस्सा लेना चाहिए, जिससे परिवार व



सिंघाना पंचायत समिति के डूमोली गांव की बेटी का ग्रामीणों की ओर से सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

विधालय का मान बढे। खेलों से बच्चों का शारीरिक व मानसिक विकास होता है और सन्जू ने जो गौरव बढाया है वो गर्व की बात है। इस मौके पर सिंघाना सीबीईओ नीलिमा यादव, पीटीआई वीरेंद्र कुमार, प्रधानाचार्य राजेन्द्र कुमार ,पूर्व उपप्रधान दाताराम, बन्शीधर, भूपेन्द्र गुर्जर, पूर्व सरपंच जगदेव सिंह, हनुमान, नौरंगलाल, बलवीर, डॉ हरीशंकर शर्मा, घम्मनलाल, कृष्ण दौराता, रामावतार, महावीर डाकिया, रोशनलाल, विनोद, अशोक, मन्दरुप, शीशराम, राजु मोदी, अशोक बागड़ी, जिलेसिंह, सुशील, गंगाधर, देशराज सहित अनेक ग्रामीण मौजूद थे।

**सार-समाचार**

## न्यायाधिपति को ज्ञापन दिया

**तारानगर** (निसं)। तारानगर में अलग से अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय स्थापना सहित विभिन्न मांगों को लेकर तारानगर अभिभाषक संघ ने अभिभाषक संघ अध्यक्ष एडवोकेट निर्मल प्रजापत के नेतृत्व में कुलदीप माथुर न्यायाधिपति राजस्थान उच्च न्यायालय, जोधपुर संगरक्षक चूरू को ज्ञापन सौंपा। संघ ने ज्ञापन के माध्यम से मांग की है कि तारानगर के न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय में दिसम्बर 2024 के अन्त तक 522 सिविल प्रकरण, 2409 अपराधिक प्रकरण वर्तमान में विचाराधीन है। इसलिए आम जनता को सुलभ न्याय देने के लिए तारानगर में अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय की अलग से स्थापना की जावे, तारानगर में स्थायी रूप से अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश न्यायालय खुल चुका है जिसके लिए भवन निर्माण हेतु बजट दिया जावे एवं तारानगर में अधिवक्ताओं के लिए चैम्बर व पक्षकारों के लिए विश्राम गृह के लिए बजट उपलब्ध करवाया जावे। ज्ञापन देने वालों में अनिल स्वामी, साजिद खान, इस्पाक अली, सुभाष सहारण, मुकेश शर्मा, भंवरलाल कड़ेला, पंकज स्वापी, प्रमोद शर्मा, आदिल खान, बिलाल अहमद, सूर्यकुमार सहारण आदि उपस्थित रहे।

## वारंटी आरोपियों को गिरफ्तार किया

**राजलदेसर** (निसं)। राजलदेसर पुलिस थाना प्रभारी कमलेश कुमार ने बताया कि चुरु पुलिस अधीक्षक जय यादव के निर्देशानुसार हार्डकोर अपराधियों, संगठित अपराधियों,मादक पदार्थ, अवैध हथियार, अवैध शराब तस्करों व उनके सहयोगियों व, टॉप-10 सक्रिय वांछित अपराधी, ईनामी अपराधियों, सम्पति संबंधी अपराध करने वाले आदतन अपराधियों, साधारण गंभीर अपराधों में वांछित अपराधियों को टारगेट करते हुए शनिवार को थाना स्तर पर विभिन्न टीमो का गठन कर वांछित अपराधियों के ठिकानो पर दबिश दी गयी न्यायालय अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रतनगढ द्वारा जारी गिरफ्तारी वारण्ट की पालना में तीन वारंटी 21 वर्षीय पुर्णाराम मेघवाल, 60 वर्षीय उदाराम जाट व 42 वर्षीय हजारीराम मेघवाल को गिरफ्तार किया गया। उक्त तीनो वारण्टीयो के विरूद्ध वर्ष 2021 में अलग अलग प्रकरणों में अवैध शराब के मामले मे गिरफ्तार कर चालान पेश न्यायालय किया गया था जिनकी न्यायालय द्वारा जमानत जब्त होने पर आज उपरोक्त तीनों वारण्टीयों को उनके निवास स्थान पर दबीश देकर गिरफतार किया गया जिनको आज अवकाशकालिन मजिस्ट्रेट सरदारशहर के समक्ष पेश किया गया।

## पहलगाम की घटना के विरोध में सभा हुई

**नवलगढ़,** (निसं)। शुक्रवार शाम को गणेश मंदिर के पास हिंदू संगठनों की और से कश्मीर के पहलगाम में हुई घटना के विरोध में धर्म सभा का आयोजन किया गया। जिसमे आरएसएस के दीनानाथ रूंथला ने सभी हिंदू धर्म के लोगों से जागरूक होने का आव्हान किया। साथ ही वर्तमान पीढ़ी को धर्म से जोड़ने व धर्म के प्रति गीत के माध्यम से जगाने का प्रयास किया। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष सुरेंद्र सैनी, एडवोकेट श्रीकांत मुरारका, महेश चौधरी, मेजर डीपी शर्मा, महेश मिश्रा, विष्णु रूंथला, राममोहन सेकसरिया, शिवरतन मुरारका, रतनलाल कुमावत, मोहनलाल चूडीवाल, शंकर गुर्जर, विश्वनाथ जोशी, नंदकिशोर सोनी, सुनिल सामरा, दीपचंद पंवार, मदनलाल सैनी, जेपी कड़वासरा, रणजीत गोदारा, हितेश थोरी, शब्दप्रकाश बियाण, नागरमल बलौदा, टिंकू सिंगोदिया, विधायक विक्रमसिंह के अनुज धर्मेंद्र जाखल, रामकुमार सिंह राठौड़, पुरूषोत्तम पंवार, संजय चिरानिया, धर्मेंद्र सहित सैंकड़ों धर्म प्रेमी मौजूद रहे।

## कार्यकारिणी की बैठक हुई

**पाटन** (निसं)। नीमकाथाना बाइपास रोड पर स्थित अपना घर आश्रम में शनिवार को कार्यकारिणी की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता आश्रम अध्यक्ष अशोक शर्मा ने की, जिसमें आश्रम संचालन से जुडे कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर गहन चर्चा की गई।आश्रम सचिव संदीप चौधरी एवं वित्त सचिव संजीव मोदी ने जानकारी देते हुए बताया कि भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए प्रभुजनों के भोजन के समय में परिवर्तन करने का निर्णय लिया गया है।